(5)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पिडावा जिला झालावाड (राज.)

पीठासीन अधिकारी:—दिनेश कुमार मीणा आर.ए.एस.

प्रकरण सं0 22 / 2019 दायर दिनांक: 30.05.2019

उनवान

1. घनश्याम आत्मज नैनालाल जाति ब्राह्मण नि.सामिया तहसील सुनेल

वादी

बनाम

1. सत्येन्द्रकुमार पुत्र लक्ष्मीनारायण जाति ब्राह्मण नि.सामिया तहसील सुनेल
2. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार सुनेल

प्रतिवादीगण

वाद अंतर्गत धारा 88, 91, 209 रा.टी.एक्ट

उपस्थिति –

वकील वादी – श्री पूरीलाल राठौर

वकील प्रतिवादी सं. 1 – श्री सुभाष दांगी

निर्णय **दिनांक : 15.07.2025**

पत्रावली पेश हुई। अभिभाषकगण उभयपक्ष उपस्थित। संक्षिप्त में तथ्य इस प्रकार है कि यह कि नामान्तकरण संख्या 14 दिनांक 14.06.1972 के अनुसार ग्राम पंचायत गादिया के अनुसार खातेदार नैनालाल आ० हीरालाल जाति ब्राह्मण निवासी सामिया के फौत होने पर ग्राम सामिया के खाता सं. 58 किता 5 रकबा 48–10 बीघा वादी के नाम नामान्तरित हुई। नकल नामान्तकरण तथा पूर्व की नकल जमाबंदी संवत् 2015–2018 एवं संवत् 2022–2025 संलग्न हैं तथा इस आराजी के संबंध में नकल नक्शा भी संलग्न हैं। यह कि जमाबंदी सम्वत् 2049–52 के खाता संख्या 23 किता 5 रकबा 48–10 उक्त वर्णित आराजी वादी के नाम खातेदारी में दर्ज है। यह कि वादपत्र के चरण कम 1 तथा 2 के अनुसार वादग्रस्त आराजी वादी के नाम वादी के पिता के खातेदारी में से आई है किन्तु प्रतिवादी ने तथा राधेश्याम ने इस आराजी को धोखे से शामलाती आराजी बताकर अपने नाम करवा ली। न्यायहित में पूर्व राजस्व अभिलेख नकल जमाबंदी संवत् 2015–2018 एवं संवत् 2022–2025 जमाबंदी [illegible]49–52, नकल नामांतकरण ग्राम गादिया नामान्तकरण संख्या 14 [illegible] का पटवारी के प्रमाणपत्र दिनांक 05.10.98 के अनुसार उक्त आराजी [illegible] तथा वादीगण के

Signature Not Verified

Digitally signed by Dinesh Kumar Meena
Date: 2025.07.21 13:26:40 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
पिड़ावा, जिला झालावाड़ (राज०)

Scanned with OKEN Scanner

पिता की एकमात्र खातेदारी में थी जिसका प्रतिवादी का, उसके पिता का किसी प्रकार से कोई प्रत्यक्ष संबंध ही दर्शित नहीं है फिर भी वह वर्तमान में वादग्रस्त आराजी को अपने नाम 1/2 भाग का काश्तकार है जो कि न्याय व वादी के अधिकार के तहत वादी अपने नाम से खातेदारी की घोषणा कराने का अधिकारी है। उक्त आराजी की वर्तमान स्थिति अनुसार खाता सं. 23 जमाबंदी सं. 2069–72 किता 5 रकबा 28–17 बीघा आराजी वादी के नाम स्थित है। ग्राम सामिया की हाल जमाबंदी स. 2069–72 के खाता संख्या 23 किता 4 रकबा 28–17 बीघा है। यह आराजी प्रतिवादी के नाम स्थित हैं। जमाबंदी में दर्ज खातेदार राधेश्याम बिना कोई विधिक उत्तराधिकारी छोड़े मर गया है। यह कि वाद हेतुक दिनांक 20.04.2019 को उस दिन उदित हुआ जब वादी के खाते कब्जे काश्त की वादपत्र के चरण कम 1 में वर्णित 48–10 बीघा जमीन में से आधी हिस्से की जमीन प्रतिवादी अपनी होना बताकर अवैधानिक कब्जा करने की चेष्ठा की हैं। यह कि तहसीलदार पिड़ावा जिला झालावाड़ को भू धारक होने के कारण तथा राजस्व अभिलेख में प्रविष्टियों करने ऑथोरिटी होने के कारण पक्षकार बनाया है। यह कि वाद माननीय न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में प्रस्तुत है। यह कि वाद माननीय न्यायालय के श्रवणक्षेत्र में है। यह कि कानूनन उचित न्याय शुल्क 3/– रूपये पर प्रस्तुत हैं। यह कि वाद अवधि मध्य प्रस्तुत हैं। अतः वाद वादी दावा करता है कि वादपत्र के चरण कम 1 की के अनुसार वादी को खातेदार काश्तकार घोषित किया जावे तदनुसार अलग खाता व लगान का अंकन किया जावें अन्य न्यायोचित सहायता भी दिलाई जावे।

2. प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण की तलबी जर्ये सम्मन तलब किया गया। प्रतिवादी सं. 1 की ओर से जवाब पेश कर निवेदन किया कि यह कि वाद के पेरा न. 1 में वर्णित भूमि कुल 5 किता कुल रकबा 48 बीघा 10 बिस्वा भूमि नेनालाल व लक्ष्मीनारायण पिस. हीरालाल की संयुक्त हिन्दु परिवार की शामलाती भूमि रही है। विस्तृत विवरण विशेष आपत्तियों में अंकित हैं, उक्त भूमि अकेले नेनालाल के गलत खातेदारी मे दर्ज हो गई थी। जो प्रकरण संख्या 511/1999 सहायक कल[illegible]वाड़ के निर्णय व डिकी से प्रतिवादी के खातेदा ... के निर्णय व ड़िकी की पुष्टि माननी ... के

Signature Not Verified
Digitally signed by Dinesh Kumar Meena
Date: 2025.07.21 13:26:40 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
पिड़ावा, जिला झालावाड़ (राज.)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पिड़ावा जिला झालावाड़

Scanned with OKEN Scanner

निर्णय से हो चुकी है। यह कि वाद के पेरा न. 2 मे भी वाद के पेरा न. 1 की ही भूमि दर्ज है, जो वादी एवं प्रतिवादी न. 1 के पिता की संयुक्त शामलाती भूमि रही है। उक्त जमाबन्दी मे वादी का नाम गलत दर्ज हो रहा है। जिसमे से खसरा न. 307 वादी ने कलावतीबाई को बेचान कर दिया है। यह कि वाद के पेरा न. 3 के जवाब मे लेख है कि वाद के पेरा न. 1 व 2 मे दर्ज भूमि वादी के पिता एवं उसके बाद वादी के नाम गलत दर्ज हो गई थी। प्रतिवादी ने आराजी को धोखे से अपने नाम नहीं करवाई बल्कि वादी घनश्याम द्वारा सही तथ्यों को छिपा कर गलत बनावटी दावा उसी भूमि का उन्ही तथ्यों पर दोबारा दावा 18–19 साल बाद उसी न्यायालय मे उन्ही पक्षकारों या उनसे व्युत्पन पक्षकारों के खिलाफ दोबारा घोषणा खातेदारी का दावा धारा 11 सी.पी.सी. प्रागन्याय रेस ज्यूडीकेटा के तहत बाधित है, क्योकि इसी भूमि का वाद प्रकरण संख्या 511/1999 न्यायालय सहायक कलेक्टर झालावाड़ द्वारा उनवान राधेश्याम, सत्येन्द्र कुमार बनाम नेनालाल वगेराह दिनांक 28.08.2000 को प्राथमिक डिकी एवं दिनांक 10.01.2001 को अन्तिम डिकी हुई है, जिसकी पालना मे प्रतिवादी राजस्व रेकार्ड मे खातेदार दर्ज चला आ रहा है, उक्त निर्णय की अपील राजस्व अपील प्राधिकारी न्यायालय कोटा में घनश्याम द्वारा की गई थी जो अपील संख्या 151/2001 व 171/2001 निर्णय दिनांक 28.06.2002 को अपीले खारीज होकर न्यायालय सहायक कलेक्टर झालावाड के निर्णय व डिकी की पुष्टि की गई है। वाद के पैरा न. 3 में दर्ज समस्त विवरण गलत दर्ज होने से अस्वीकार है। प्रतिवादी माननीय सहायक कलेक्टर न्यायालय के निर्णय व डिग्री से वैधानिक रूप से खातेदार दर्ज है। वादी स्वयं घनश्याम द्वारा राजस्व अपील प्राधिकारी के निर्णय दिनांक 28.06.2002 की अपील माननीय राजस्व मण्डल अजमेर में की गई थी, जिसकी अपील का निर्णय माननीय खण्डपीठ राजस्व मण्डल अजमेर से अपील सारहीन होने से खारीज होकर अधिनस्थ न्यायालय आर.ए.ए. कोटा एवं न्यायालय सहायक कलेक्टर झालावाड़ के द्वारा पारित निर्णय व प्राथमिक डिकी दिनांक 28.08.2000 तथा अन्तिम डिकी दिनांक 10.01.2001 की पुष्टि राजस्व मण्डल [illegible] चुकी है। इस कारण उसी भूमि का उन्ही पक्षकारों के बीच विवाद घोषणा का वाद धारा 11 सिविल प्रकियां सहीता के तहत रैसज्यूडीकेटा से बाधित होकर

Signature Not Verified
Digitally signed by Dinesh Kumar Meena
Date: 2025.07.21 13:26:40 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
पिड़ावा, जिला झालावाड़ (राज०)

Scanned with OKEN Scanner

प्रथम दृष्टया खारीज योग्य है। वाद के पेरा न. 3 के अ. में वर्णित भूमि वादी के नाम होना आशिक सही है। पेरा न. 3 अ. मे वर्णित खाता सं. 23 की भूमि खसरा नं. 307 रकबा 18 बिस्वा भूमि को वादी द्वारा केता कलावतीबाई पत्नि चुन्नीलाल धाकड़ को बेचान कर चुका है और उसी भूमि का वाद लाया है। उक्त खातेदार को पक्षकार बनाये बिना दावा घोषणा चल्ने योग्य नहीं है व पेरा ब. मे वर्णित भूमि प्रतिवादी के नाम खातेदारी में दर्ज होना सही है। राधेश्याम प्रतिवादी सत्येन्द्र कुमार का सगा भाई था, जिसके उत्तराधिकारी भी प्रतिवादी सत्येन्द्र कुमार व बहिने है। यह कि वाद का पेरा न. 4 के तथ्य बनावटी व मिथ्या दर्ज होने से अस्वीकार है। दिनांक 20.04. 2019 को कोई वाद कारण उत्पन्न नही हुआ है क्योकि उक्त भूमि का निर्णय न्यायालय सहायक कलेक्टर झालावाड़ द्वारा दिनांक 28.08.2000 को प्राथमिक डिकी तथा दिनांक 10.01.2001 को अन्तिम डिकी हो चुका है, जिसकी जानकारी वादी को भली प्रकार से होकर वादी स्वयं ने राजस्व मण्डल में उसकी अपीले की थी जो निर्णय खण्डपीठ से पुष्टि होकर अन्तिम हो गई है तथा प्रकरण संख्या अपीलड़ी/टीए/4021/2022 व 4022/2002 राजस्व मण्डल खण्डपीठ के निर्णय दिनांक 26.10.2018 की कोई भी अपील नहीं होने से उक्त निर्णय अन्तिम हो जाने से दुबारा उसी भूमि का अधिनस्थ न्यायालय मे घोषणा वाद धारा 11 सिविल प्रकियां संहिता के तहत रेसज्यूडीकेटा से बाधित होने से प्रथम दृष्टया चलने योग्य नहीं है तथा वाद कारण के अभाव में भी दावा काबिल खारीज है। यह कि उक्त पेरा के तथ्य गलत होने से अस्वीकार है। यह कि उक्त पेरा के तथ्य गलत है, अस्वीकार है उक्त भूमि का निर्णय इसी न्यायालय से दिनांक 28.08.2000 मे हो जाने से दुबारा वाद का सुनवाई का क्षेत्राधिकार इस न्यायालय को नहीं हैं। यह कि वाद का इस न्यायालय को श्रवणाधिकार नही रहा है। यह न्यायालय इस भूमि का निर्णय प्राथमिक डिकी दिनांक 28.08.2000 व अन्तिम डिकी दिनांक 10.01.2001 को कर चुका है, जिस निर्णय की पुष्टि खण्ड पीठ राजस्व मण्डल से हो चुकी है। यह कि उक्त पेरा न. 8 गलत है, अस्वीकार है। यह कि पाच अवधि मध्य ह[illegible] वाद का निर्णय इसी न्यायालय से 18–19 [illegible] बाहर होकर चलने योग्य नहीं है। [illegible] है, अस्वीकार है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Dinesh Kumar Meena
Date: 2025.07.21 13:26:40 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
पिड़ावा, जिला झालावाड़ (राज०)

Scanned with OKEN Scanner

9

यादी कोई सहायता पाने का पात्र नही है। विशेष आपत्तियां – यह कि वादी ने वाद सही एवं वास्तविक तथ्यों को छिपाकर तथा पूर्व के निर्णयो के तथ्यों को छिपाकर कतई गलत मिथ्या, बनावटी तथ्यो के आधार पर पेश किया है, जो भारी कोस्ट पर खारीज योग्य है। वादी को दुबारा वाद लाने का कोई अधिकार हासिल नहीं है। यह कि वादी स्वच्छ हाथो से न्यायालय के समक्ष वाद लेकर नहीं आया है, जिस कारण वाद चलने योग्य नही है। यह कि वाद ग्रस्त भूमि वाके सामिया तहसील सुनेल के खाता सं. 184 की आराजी खसरा न. 350 रकबा 4.4136 हैक्टेयर, खसरा न. 491 रकबा 0.4300 हैक्टेयर, खसरा न. 55 रकबा 0.9611 हैक्टेयर, खसरा न. 558 रकबा 1.4923 हैक्टेयर कुल 4 किता कुल रकबा 7.2970 हैक्टेयर राधेश्याम के वारिसान व प्रतिवादी सत्येन्द्र कुमार के कब्जे एवं खातेदारी मे न्यायालय सहायक कलेक्टर झालावाड़ के प्रकरण सं. 511/1999 मे पारित निर्णय एवं प्राथमिक डिकी दिनांक 28.08.2000 एवं फाईनल डिकी दिनांक 10.01.2001 की अनुपालना में दर्ज चली आ रही है, जिसकी अपील वादी द्वारा राजस्व अपील प्राधिकारी कोटा न्यायालय में पेश की थी, जिसकी अपील संख्या 151/2001 व 171/2001 के निर्णय व डिकी दिनांक 28.01.2002 में अधिनस्थ न्यायालय सहायक कलेक्टर झालावाड़ के निर्णय व डिकी की पुष्टि कर वादी की अपीले खारीज की थी तथा वादी ने राजस्व अपील प्राधिकारी कोटा के उक्त निर्णयों के विरूद्व राजस्व मण्डल अजमेर मे दो अपील संख्या 4021/2002 व 4022/2002 पेश की थी जो राजस्व मण्ड़ल खण्ड़ पीठ द्वारा वादी की उक्त अपीले दिनांक 26.10.2018 को खारीज कर अधिनस्थ न्यायालयों के निर्णयों की पुष्टि पक्षकारो की जा चुकी है, जिस कारण उसी भूमि का उन्ही पक्षकारों उनसे उत्पन्न हुए के खिलाफ दुबारा दावा धारा 11 सी.पी.सी रेस ज्यूडिकेटा से बाधित होकर प्रथम दृष्टया खारीज योग्य है। यह कि इसी विवादीत भूमि का वाद इन्ही पक्षकारों के बीच प्रकरण संख्या 511/1999 बउनवान राधेश्याम, सत्येन्द्र कुमार, सुन्दर बाई बनाम घनश्याम व राजस्थान राज्य धारा 88, 53, आर. टी.एक्ट का सहायक कलेक्टर झालावाड़ से दिनांक 28.08.2000 को प्राथमिक डिकी होकर तहसीलदार [illegible] प्रस्ताव प्राप्त होने पर अन्तिम डिकी दिनांक 10[illegible] व डिकी की पुष्टि राजस्व अपील प्राधिकारी [illegible] 28.06.

Signature Not Verified

Digitally signed by Dinesh Kumar Meena
Date: 2025.07.21 13:26:40 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
पिड़ावा, जिला झालावाड़ (राज०)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पिड़ावा जिला झालावाड़

Scanned with OKEN Scanner

(10)

2002 से व माननीय राजस्व मण्डल खण्डपीठ अजमेर से दिनांक 26.10.2018 को वादी की अपील सारहीन होने से खारीज होकर अधिनस्थ न्यायालय भू प्रबन्ध अधिकारी एवं राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा के द्वारा पारित निर्णय दिनांक 28.06.2002 एवं सहायक कलेक्टर झालावाड़ के द्वारा पारित निर्णय व प्राथमिक डिकी दिनांक 28.08.2000 तथा अन्तिम डिकी दिनांक 10.01. 2001 की पुष्टि हो जाने के बाद दुबारा उसी भूमि का वाद इस न्यायालय को सुनवाई का अधिकार नहीं है, उक्त वाद रेस ज्युडिकेटा से बाधित है वाद भारी कोस्ट पर खारीज योग्य है। यह कि उक्त भूमि का वादी के पिता नेनालाल द्वारा भी प्रतिवादी के पिता लक्ष्मीनारायण के खिलाफ धारा 188 आर. टी. एक्ट का प्रकरण संख्या 46/123/65 प्रस्तुत किया था, जिसे सहायक कलेक्टर झालावाड़ द्वारा दिनांक 26.12.1967 को निर्णय पारित किया गया, जिसमे दस्तावेजी व मौखिक साक्ष्य से उक्त भूमि को पक्षकारान की संयुक्त हिन्दु परिवार की शामलाती भूमि मानकर प्रतिवादी के पिता लक्ष्मीनारायण का हक हिस्सा निहित होना माना है, जिस कारण भी उसी भूमि का दोबारा वाद घोषणा इस न्यायालय को सुनवाई का श्रवणाधिकार क्षेत्राधिकार नहीं रहा है ओर उक्त वाद मियाद बाहर हो चुका है। यह कि उक्त भूमि का घोषणा खातेदारी वाद सहायक कलेक्टर झालावाड़ व आर.ए.ए. के निर्णय की राजस्व वाद के शिर्ष न्यायालय माननीय राजस्व मण्डल अजमेर की खण्डपीठ के द्वारा अधिनस्थ न्यायालय के निर्णय व डिकी की पुष्टि का निर्णय दिनांक 26.10.2018 को पारित हो जाने से उक्त वाद भारी कोस्ट पर खारीज योग्य है। यह कि उक्त वाद के खातेदार राधेश्याम के वारिसान 1. भाई सत्येन्द्र कुमार व बहीने, 1. सजनबाई, 2. छगनबाई फोत 2. 2/1. रमेशचन्द, 2/2. चन्द्रशेखर, 2/3. ललीत कुमार, 2/4. मंगला, 2/5. शारदा, 3. सन्तोषबाई, 4. चन्द्रकांता पुत्रीयां हीरालाल को पक्षकार नहीं बनाने से भी वाद चलने योग्य नहीं है। यह कि वादी स्वयं द्वारा उक्त वाद में वर्णित भूमि खसरा न. 307 का बेचान कलावतीबाई पत्नी चुन्नीलाल धाकड़ को कर देने पर भी उसे पक्षकार नही बनाने से भी घोषणा वाद चलने योग्य नही है। यह कि उक्त भूमि के विवाद [illegible] उसके पिता के समय से ही रही है, जिसकी अ[illegible]ही तथ्यों को छिपाकर उक्त भूमि के [illegible] को

Signature Not Verified

Digitally signed by Dinesh Kumar Meena
Date: 2025.07.21 13:26:40 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
पिड़ावा, जिला झालावाड़ (राज०)

Scanned with OKEN Scanner

(11)

अन्तिम डिक्री दिनांक 10.01.2001 को होकर उक्त निर्णय की पुष्टि न्यायालय आर.ए.ए. व माननीय खण्डपीठ राजस्व अजमेर के निर्णयो से हो चुकी है, फिर भी वादी द्वारा बार–बार झूठे तथ्यो पर दुरारा वाद प्रतिवादी को अनावश्यक रूप से तंग परेशान व नुकसान कारित करने की गरज से झूठा बनावटी वाद पेश किया है, जिस कारण प्रतिवादी विशेष हर्जा खर्चा 30,000/– रूपये वादी से पाने का पात्र है तथा वाद भारी कोस्ट पर प्रथम दृष्टया खारीज योग्य है। अतः जवाब दावा मय विशेष आपत्तियों के पेश कर निवेदन है कि दावा वादी मय हर्जा खर्चा खारीज फरमाया जाकर विशेष हर्जा खर्चा 30,000/– रूपये प्रतिवादी न. 1 को वादी से दिलाने व अन्य न्यायोचित सहायता जो भी माननीय न्यायालय उचित समझे प्रतिवादी न. 1 को दिलाने की कृपा करें।

3. वाद के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण हेतु दावे एवं जवाब दावा के अवलोकन के आधार पर निम्न तनकीयात/विवाद बिन्दू कायम की गई –

तनकी नं. 1– आया कि ग्राम सामिया हल्का गादिया की वादग्रस्त आराजी ख०नं० 307, 350, 354, 558, 559 किता 5 रकबा 48–10 बीघा वादी के खाते की आराजी थी, जो जरिए फौती नामा० सं. 14 दिनांक 14.06.1972 से अपने पिता नैनालाल पुत्र हीरालाल ब्राहम्ण से विरासत मे प्राप्त हुई थी।

जिम्मे वादी

तनकी नं. 2–आया कि प्रतिवादी क्रम 1 द्वारा राजस्व कार्मिकों से मिलकर वादग्रस्त आराजी के 1/2 भाग का खातेदार बन गया है, जबकि प्रतिवादी क्रम 1 का इससे सरोकार नहीं था। अतः प्रतिवादी क्रम 1 के हिस्से 1/2 पर भी खातेदार कृषक घोषित किये जाने योग्य है।

जिम्मे वादी

तनकी नं. 3–आया कि वादग्रस्त आराजी में प्रतिवादी क्रम 1 को 1/2 भाग की खातेदारी न्यायालय सहायक कलक्टर झालावाड़ के प्रकरण सं. 511/1999 में दिये गये निर्णय व प्रा० डिक्री दिनांक 28.08.2000 एवं फाईनल डिक्री दिनांक 10.01.2001 से प्राप्त हुई थी।

[illegible] तिवादी क्रम 1

तनकी नं. 4–आया कि वादग्रस्त आराजी में 1/2 भाग [illegible] यायाल सहायक कलक्टर झालावाड़ के आदेश व डिक्री [illegible] द्वारा माननीय

Signature Not Verified

Digitally signed by Dinesh Kumar Meena
Date: 2025.07.21 13:26:40 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
पिड़ावा, जिला झालावाड़ (राज०)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पिड़ावा जिला झालावाड़

Scanned with OKEN Scanner

RAA KOTA अपील की, जो निर्णय दिनांक 28.01.2002 से खारिज कर दी गई। माननीय RAA KOTA के उक्त निर्णय की वादी ने अपील म० राजस्व मंडल अजमेर में की थी, जो दिनांक 26.10.2018 को खारिज कर सहायक कलक्टर झालावाड़ के निर्णय की पुष्टी की।

जिम्मे प्रतिवादी क्रम 1

तनकी नं. 5–आया कि वादी द्वारा पेश हस्तगत प्रकरण सं० 22/2019 एवं पूर्ववर्ती प्रकरण सं0 511/1999 के पक्षकारान, वाद की विषय वस्तु एवं अनुतोष समान होने से धारा–11 सीपीसी (रेस–ज्यूडिकेता) के अधीन यह वाद पोषणीय नहीं है।

जिम्मे प्रतिवादी क्रम 1

4. वादी द्वारा वाद पत्र के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य में ग्राम सामिया के खाता सं. 23, 137, 177 की जमाबंदी सं. 2069–72 की प्रमाणित प्रति, ग्राम सामिया के खाता सं. 36, 37 की जमाबंदी सं. 2015–18 की प्रमाणित प्रति, ग्राम सामिया के खाता सं. 37 की जमाबंदी सं. 2022–25 की प्रमाणित प्रति, प्रमाण पत्र दिनांक 05.10.1998 की छायाप्रति, ग्राम सामिया के खाता सं. 25 की जमाबंदी सं. 2049–52 की प्रमाणित प्रति, खसरा नक्शा दिनांक 21.09.1998 की छायाप्रति, मौखिक साक्ष्य में घनश्याम पि. नेनालाल का शपथ पत्र एवं न्यायिक दृष्टांत 2016(1) आर.आर.टी. 485 सिटी मुन्सिपल काउंसिल भल्की बनाम गुरूप्पा डी व अन्य पेश की।

5. प्रतिवादी सं. 1 द्वारा अपने जवाब के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य में ग्राम सामिया के खाता सं. 184 जमाबंदी सं. 2073–76, न्यायालय सहायक कलक्टर झालावाड के प्रकरण सं. 511/99 की आदेशिका, निर्णय व प्राथमिक डिक्री दिनांक 28.08.2000 एवं फाईनल डिक्री दिनांक 10.01.2001, दावा राधेश्याम बनाम घनश्याम वगै. दिनांक 13.01.1999, सहायक कलक्टर झालावाड का प्रकरण सं. 46/123/65 निर्णय व डिक्री दिनांक 26.12.1967, बयान गवाह कन्हीराम, राधेश्याम, बंटवारा प्रस्ताव मय नक्शा, भू.प्रबंध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी [illegible] प्रकरण सं. 151/2001 व 171/2001 का [illegible] मण्डल अजमेर का प्रकरण सं. [illegible] निर्णय व

Signature Not Verified
Digitally signed by Dinesh Kumar Meena
Date: 2025.07.21 13:26:40 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पिड़ावा जिला झालावाड़

उपखण्ड अधिकारी
पिड़ावा, जिला झालावाड़ (राज०)

Scanned with OKEN Scanner

(13)

डिक्री दिनांक 26.10.2018 की प्रमाणित प्रतियां पेश की। न्यायिक दृष्टांत 2024(1) आर.आर.टी. 167 रामलाल बनाम नरसिंह व अन्य, 2024(1) आर. आर.टी. 170 दुर्गाराम बनाम भंवरीबाई व अन्य पेश की।

6. आदेश 14 नियम 1(4) सीपीसी के अनुसार किसी प्रकरण में दो प्रकार की तनकियां हो सकती है – (अ) तथ्य आधारित तनकी एवं (ब) विधि आधारित तनकी। हस्तगत प्रकरण में कायम की गई तनकी सं. 1 से 4 तथ्य आधारित तनकियात है जबकि तनकी नं. 5 विधि आधारित तनकी है। आदेश 14 नियम 2 उपनियम 2 सीपीसी के अनुसार जहां एक ही प्रकरण में तथ्य आधारित तनकी एवं विधि आधारित तनकी दोनो प्रकार की तनकियां कायम की गई है और न्यायालय का विचार है कि उस सम्पूर्ण प्रकरण को या उसके किसी भाग को विधि आधारित तनकी के निर्धारण से निस्तारित किया जा सकता है तो न्यायालय पहले विधि आधारित तनकी को निर्णित कर सकता है और अन्य तनकियात के सेटलमेंट को तब तक स्थगित कर सकता है। **हस्तगत प्रकरण में तनकी नं. 5 रेस ज्युडिकेटा के सिद्धान्त अर्थात धारा 11 सीपीसी से संबंधित विधि का प्रश्न है जिसका निर्धारण करने से सम्पूर्ण प्रकरण का इसी स्तर पर निस्तारण हो सकता है। अतः हम तनकी नं. 5 में निहित विधि के प्रश्न को पहले निर्धारित करना न्यायोचित समझते है।** यहां आदेश 14 नियम 2 उपनियम 2 सीपीसी के प्रावधानो का अवलोकन किया जाना आवश्यक है जो निम्न प्रकार है –

<u>O14R 2</u>- (2) Where issues both of law and of fact arise in the same suit, and the Court is of opinion that the case or any part thereof may be disposed of on an issue of law only, it may try that issue first if that issue relates to-

(a) the jurisdiction of the Court, or

(b) a bar to the suit created by any law for the time being in-force and for that purpose may, if it thinks fit, postpone the settlement of the other issues until after that issue has been determined, and may deal with the suit in accordance with the decision on that issue.

Signature Not Verified
Digitally signed by Dinesh Kumar Meena
Date: 2025.07.21 13:26:40 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
पिड़ावा, जिला झालावाड़ (राज.)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पिड़ावा जिला झालावाड़

Scanned with OKEN Scanner

(14)

7. अभिभाषकगण उभयपक्ष की तनकी नं. 5 पर बहस सुनी गई। बहस के परिपेक्ष्य में पत्रावली, संबंधित विधि के प्रावधानों एवं पेश न्यायिक दृष्टांतो का ससम्मान अवलोकन किया गया। प्रकरण में तनकी नं. 5 का निर्णय निम्नानुसार है –

<u>तनकी नं. 5</u> – "आया कि वादी द्वारा पेश हस्तगत प्रकरण सं० 22/2019 एवं पूर्ववर्ती प्रकरण सं0 511/1999 के पक्षकारान, वाद की विषय वस्तु एवं अनुतोष समान होने से धारा–11 सीपीसी (रेस–ज्यूडिकेटा) के अधीन यह वाद पोषणीय नहीं है"। तनकी नं. 5 को साबित करने का भार प्रतिवादी सं. 1 के जिम्मे था।

अभिभाषक प्रतिवादी 1 ने बहस के दौरान जवाब पत्र में अंकित बिन्दुओं को दोहराते हुए कथन किया कि हस्तगत प्रकरण सं. 22/2019 घनश्याम बनाम सत्येन्द्र कुमार की ग्राम सामिया की वादग्रस्त आराजी पुराना खाता सं. 23 ख.नं. 307, 350, 354, 558 व 559 कुल किता 5 कुल रकबा 48–10 बीघा को लेकर वादी एवं प्रतिवादी सं. 1 के मध्य वाद सं. 511/1999 माननीय सहायक कलक्टर झालावाड द्वारा दिनांक 28.08.2000 को निर्णित किया जा चुका है जिसमें वादीगण राधेश्याम, सत्येन्द्र कुमार पिसर लक्ष्मीनारायण व सुन्दरबाई बेवा लक्ष्मीनारायण को वादग्रस्त आराजी कुल रकबा 48–10 बीघा के हिस्सा 1/2 पर तथा प्रतिवादी घनशम को शेष हिस्सा 1/2 पर खातेदार कृषक घोषित किया जाकर खाता विभाजन किया गया था, जिसकी अपील सं. 151/2001 व 171/2001 वादी/अपीलांट घनश्याम द्वारा माननीय न्यायालय आर.ए.ए. कोटा में की गई थी जिसे माननीय आर.ए.ए. कोटा द्वारा अपने निर्णय दिनांक 28.06.2002 द्वारा खारीज किया जाकर न्यायालय सहायक कलक्टर झालावाड द्वारा जारी किये गये निर्णय व डिक्री को यथावत रखा गया था। वादी घनश्याम द्वारा माननीय आर.ए.ए.कोटा के उक्त निर्णय के विरूद्ध माननीय राजस्व मण्डल अजमेर में अपील सं. 4021/2002/झालवाड एवं 4022/2002/झालावाड पेश की गई थी जिसे माननीय राजस्व मण्डल अजमेर द्वारा अपने निर्णय दिनांक 26.10.2018 से खारीज किया जाकर अधिनस्थ न्यायालय [illegible] कोटा द्वारा पारित निर्णय व डिक्री दिनांक 28.[illegible] [illegible] झालावाड द्वारा पारित निर्णय व प्राथमिक डिक्री [illegible] डिक्री

Signature Not Verified
Digitally signed by Dinesh Kumar Meena
Date: 2025.07.21 13:26:40 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
पिड़ावा, जिला झालावाड़ (राज.)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पिड़ावा जिला झालावाड़

Scanned with OKEN Scanner

दिनांक 10.01.2001 की पुष्टि की गई थी। आगे तर्क किया गया कि माननीय आर.ए.ए. कोटा एवं माननीय राजस्व मण्डल के समक्ष वादी/अपीलांट घनश्याम पि. नैनालाल एवं प्रतिवादी/रेस्पोडेन्ट राधेश्याम व सत्येन्द्र कुमार पि. लक्ष्मीनारायण, सुन्दरबाई बेवा लक्ष्मीनारायण व राज. सरकार पक्षकार थे। सुन्दरबाई बेवा लक्ष्मीनारायण फोत हो चुकी है।

अभिभाषक प्रतिवादी सं. 1 द्वारा आगे तर्क किया गया कि वादी घनश्याम के पिता नैनालाल ने ग्राम सामिया की वादग्रस्त आराजी कुल रकबा 48–10 बीघा को लेकर एक वाद सं. 40/123/65 अन्तर्गत धारा 188 आर.टी.एक्ट 1965 में सहायक कलक्टर झालावाड़ के समक्ष प्रतिवादीगण के पिता लक्ष्मीनारायण के विरूद्ध बेदखली हेतु पेश किया गया था जिसे न्यायालय द्वारा अपने निर्णय दिनांक 26.12.1967 से खारीज किया जाकर हिस्सा 1/2 पर लक्ष्मीनारायण को खातेदार मानकर कब्जे काश्त को यथावत रखने के आदेश दिए थे।

अभिभाषक प्रतिवादी सं. 1 द्वारा आगे तर्क किया गया कि वादी घनश्याम द्वारा माननीय राजस्व मण्डल अजमेर के निर्णय की माननीय राज. उच्च न्यायालय में अपील नहीं करके तथ्यों को छुपाकर एवं झूंठे शपथपत्र के आधार पर माननीय न्यायालय में पुनः उसी वादग्रस्त आराजी को लेकर नया दावा सं. 22/2019 पेश किया गया है जो धारा 11 सीपीसी के प्रावधानों के विरूद्ध होने से ना केवल इसी स्तर पर खारीज योग्य है बल्कि धारा 193 व 340 आईपीसी के अधीन सजा दिए जाने योग्य है। एक बार किसी द्वितीय अपील को अपीलीय न्यायालय द्वारा खारीज कर दिया गया तो धारा 100 सीपीसी के अधीन उसकी केवल उच्च न्यायालय में ही अपील की जा सकती है। किसी अपील में अपीलीय न्यायालय द्वारा किये गये साक्ष्य का विवेचन केवल उच्चत्तर अपीलीय न्यायालय द्वारा ही की जा सकती है। अधिनस्थ न्यायालय को ऐसी साक्ष्य को विवेचन करने का कोई अधिकार नहीं है। अतः वादी का वाद धारा 100 सीपीसी के प्रावधानो के विरूद्ध होने से इसी स्तर पर खारीज योग्य है।

अभिभाषक प्रतिवादी सं. 1 [illegible] कि वादी घनश्याम द्वारा राजस्व मण्डल अजमेर से दिनांक [illegible] को अपील खारीज होने के बाद दिनांक 30.05.2019 को धारा 11 सीपीसी के विरूद्ध

Signature Not Verified
Digitally signed by Dinesh Kumar Meena
Date: 2025.07.21 13:26:40 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
पिड़ावा, जिला झालावाड़ (राज.)

Scanned with OKEN Scanner

16

यह दावा पेश कर दिया गया है। वादी घनश्याम स्वच्छ हाथो से न्यायालय में नहीं आकर झूंठे शपथपत्र के आधार पर आया है जिसमें ना केवल आपराधिक कृत्य किया है बल्कि न्यायालय की अवमानना भी की है। अतः वादी का वाद एक लाख रूप्ये के भारी जुर्माने के साथ खारीज किया जावे।

8. अभिभाषक वादी ने उक्त बहस का पुरजोर विरोध करते हुए कथन किया कि प्रकरण सं. 511/1999 में न्यायालय सहायक कलक्टर झालावाड द्वारा प्रतिवादी घनश्याम के विरूद्ध एकपक्षीय निर्णय पारित किया गया था जिसकी प्रतिवादी घनश्याम द्वारा न्यायालय आर.ए.ए.कोटा में अपील की थी जिसे न्यायालय द्वारा अपीलांट घनश्याम के तथ्यों एवं दस्तावेजो को ध्यान में रखे बिना एकतरफा खारीज कर दिया था जिसकी अपील माननीय राजस्व मण्डल अजमेर में की गई थी। राजस्व मण्डल अजमेर द्वारा भी अपीलांट घनश्याम को सही तरीके से सुने बिना एवं रिकार्ड को देखे बिना निर्णिय दिनांक 26.10.2018 से अपील को खारीज कर दिया गया है। जब वादी घनश्याम को अपीलीय न्यायालयो ने सही तरीके से नही सुना तो वादी ने अपने अधिकारो के संरक्षण के लिए इस न्यायालय मे नया दावा पेश किया है। अभिभाषक वादी द्वारा आगे तर्क किया गया कि दोनो प्रकरणों में पक्षकार समान नहीं है। धारा 11 सीपीसी के प्रावधान तभी लागू होते है जब पूर्ववर्ती प्रकरण को तनकी कायम किया जाकर साक्ष्य लेकर निर्णित किया गया हो। पूर्ववर्ती प्रकरण सं.. 511/1999 को सहायक कलक्टर झालावाड के न्यायालय द्वारा गुणवगुण पर निर्णित नहीं करके एकपक्षीय निर्णिय किया था। अतः धारा 11 के प्रावधान इस प्रकरण पर लागू नही होते है।

अभिभाषक वादी द्वारा आगे तर्क किया गया कि जब प्रथम व द्वितीय अपील को अपीलीय न्यायालय ने गुणावगुण पर निर्णित नहीं किया गया हो तो धारा 100 सीपीसी के प्रावधान लागू नहीं होते है। अतः हस्तगत प्रकरण में धारा 11 सीपीसी व रेसज्युडिकेटा का सिद्धान्त लागू नहीं होने से तनकी नं. 5 प्रतिवादी सं. 1 के विरूद्ध निर्णित की जावे।

9. तनकी नं. 5 पर बहस उभयपक्ष के परिपेक्ष्य में [illegible] पर उपलब्ध दस्तावेजों का ध्यानपूर्वक अवलोकन [illegible] किया [illegible]। वादी एवं प्रतिवादी द्वारा पेश न्यायिक दृष्टांतो का सम्मानपूर्वक [illegible] किया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Dinesh Kumar Meena
Date: 2025.07.21 13:26:40 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पिड़ावा जिला झालावाड़

उपखण्ड अधिकारी
पिड़ावा, जिला [illegible]

Scanned with OKEN Scanner

(12)

धारा 11 सीपीसी के अनुसार कोई भी न्यायालय ऐसे किसी वाद या विवाद्यक का विचारण नहीं करेगा जिसमें प्रत्यक्षतः और सारतः विवाद्यक विषय उन्ही पक्षकारो के बीच या उन पक्षकारो के बीच, जिनके अधीन वे या उनमें से कोई दावा करते है और जो उसी शीर्षक के अधीन मुकदमा कर रहे हैं, जो किसी पूर्ववर्ती वाद में प्रत्यक्षतः और सारतः विवाद्यक रहा हो, ऐसे पश्चातवर्ती वाद का या उस वाद का विचारण करने में सक्षम न्यायालय है जिसमें ऐसा विवाद्यक विषय वाद में उठाया गया हो और जिस पर ऐसे न्यायालय द्वारा सुनवाई की जाकर अंतिम रूप से निर्णय कर दिया गया हो। धारा 11 सीपीसी यानि रेसज्युडिकेटा के सिद्वान्त का मूल उद्देश्य किसी न्यायालय द्वारा एक बार अभिनिर्धारित किये गये विषय पर पुनः निर्णय नही किया जाना है ताकि न्याय के विनिश्चय को सही व अंकित बनाकर मुकदमेंबाजी का अंत हो सके। यह स्थापित सिद्वान्त है कि न्यायिक निर्णयों में एकरूपता होनी चाहिए ताकि पक्षकारो के मध्य अनावश्यक मुकदमेंबाजी को रोककर न्यायिक संसाधनो की बचत की जा सके और जनता में न्यायिक प्रकिया के प्रति विश्वास को बनाया रखा जा सके। पूर्व न्याय का सिद्वान्त यानि रेसज्युडिकेटा का सिद्वान्त एक अंतराष्ट्रीय सिद्वान्त है जिसे विश्व के लोकतांत्रिक देशो द्वारा अपने सिविल एवं आपराधिक कानूनो में शामिल किया गया है।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने एक वाद में रेसज्युडिकेटा के सिद्वान्त का सुन्दर विवेचन करते हुए कहा है कि "प्राक् न्याय का सिद्वान्त न्यायिक निर्णयों को अंतिमतः देने की आवश्यकता पर आधारित है। यह कहता है कि किसी न्यायालय द्वारा एक बार निश्चित किये गये विषय पर पुनः निर्णय नहीं किया जावेगा। मुख्य रू‍प से यह सिद्वान्त पूर्ववर्ती एवं पश्चातवर्ती मुकदमोंबाजी के बीच लागू होता है। जब एक विषय,, चाहे गये तथ्यगत प्रश्नो पर हो अथवा विधिगत प्रश्नो पर, एक वाद या कार्यवाही में दो पक्षकारो के मध्य निर्णित हुआ है और वह निर्णय, क्योकि उच्चतर न्यायालय में या तो अपील नहीं की गई थी या अपील रद्द कर दी गई थी– अंतिम है तो उन्ही पक्षकारो के मध्य भविष्य में वाद या कार्यवाही में किसी भी पक्षकार को उस विषय को पुनः स्थापित करने की अनुज्ञा नहीं होगी। रेसज्युडिकेटा का यही सिद्वान्त पक्षो के संबंध में सिविल प्रकिया

Signature Not Verified
Digitally signed by Dinesh Kumar Meena
Date: 2025.07.21 13:26:40 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
पिड़ावा, जिला झालावाड़

Scanned with OKEN Scanner

(18)

की संहिता की धारा 11 में समाविष्ट है परन्तु जहां धारा 11 लागू नहीं होती वहां भी मुकदमेंबाजियों में अंतिमता प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए न्यायालयों के द्वारा इस सिद्धान्त को लागू किया जाता है और इसका यह परिणाम है कि प्रारम्भिक न्यायालय और साथ साथ उच्चतर न्यायालय किसी भविष्य की मुकदमेंबाजी में इस आधार पर अग्रसर होंगे कि पूर्ववर्ती निर्णय सही था"।

10. प्रकरण में तथ्यों के कानूनी बिन्दुओं के परिप्रेक्ष्य में विश्लेषण से पूर्व धारा–11 सीपीसी के प्रावधान के उद्देश्य को समझना प्रासंगिक है। इस संदर्भ मे माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील 636/1975 उनवान Lal Chand (Dead) By L.Rs. & Ors vs Radha Kishan में दिये गये निर्णय में सिविल प्रक्रिया संहिता–1908 की धारा–11 के उद्देश्य के संबंध में दृष्टान्त प्रतिपादित किया है कि–

